DIRECTORATE OF TECHNICAL EDUCATION, CHHATTISGARH
संचालनालय तकनीकी शिक्षा, छत्तीसगढ़
विभागाध्यक्ष भवन, ब्लाक-3, तृतीय/चतुर्थ तल, इंद्रावती भवन, नवा रायपुर, अटल नगर, जिला-रायपुर
Phone : 0771- 2438666, www.cgdteraipur.cgstate.gov.in, Email-cgdtecounselling@gmail.com

:: सत्र 2021-22 में डिप्लोमा इंजीनियरिंग पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु ऑनलाइन कॉउंसिलिंग की सूचना ::

सत्र 2021-22 में छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में स्थित पॉलीटेक्निक संस्थाओं में संचालित त्रिवर्षीय डिप्लोमा इंजीनियरिंग पाठ्यक्रमों में सरगुजा एवं बस्तर संभाग के जिलों के स्थानीय निवासी अभ्यर्थियों को प्रवेश के लिए CGPPT-2021 /10वीं कक्षा की परीक्षा में गणित एवं विज्ञान विषय में प्राप्त कुल अंक की मेरिट के आधार पर ''छत्तीसगढ़ तकनीकी संस्थानों हेतु प्रवेश नियम 2021'' के बिन्दु 7.3 के अनुसार संस्थाओं/ब्रांचों का आबंटन ऑनलाइन कॉउंसिलिंग द्वारा होगा। छत्तीसगढ़ के शेष जिलों में स्थित पॉलीटेक्निक एवं इंजीनियरिंग संस्थाओं में संचालित त्रिवर्षीय डिप्लोमा इंजीनियरिंग पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए CGPPT-2021 की मेरिट के आधार पर छत्तीसगढ़ के स्थानीय निवासी अभ्यर्थियों को संस्थाओं/ब्रांचों का आबंटन ऑनलाइन कॉउंसिलिंग द्वारा होगा। प्रवेश/आबंटन हेतु अभ्यर्थी का ''छत्तीसगढ़ तकनीकी संस्थानों हेतु प्रवेश नियम 2021'' के बिन्दु 6 के अनुसार पात्र होना अनिवार्य है। ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन करने एवं विकल्प भरने से पहले कृपया प्रवेश नियम से सुनिश्चित कर लेवें कि आप प्रवेश हेतु पात्र हैं। ऑनलाइन कॉउंसिलिंग का कार्यक्रम निम्नानुसार है।

कॉउंसिलिंग कार्यक्रम

स.क्र.	विवरण	दिनांक से	दिनांक तक
1	ऑनलाइन काउंसिलिंग के लिये वेबसाईट www.cgdteraipur.cgstate.gov.in में ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन करना एवं विकल्प फार्म भरना	11 अक्टूबर 2021 पूर्वान्ह 11.00 बजे से	14 अक्टूबर 2021 अपरान्ह 3.00 बजे तक
2	दस्तावेज परीक्षण केन्द्रों (DVCs) में दस्तावेजों का परीक्षण	11 अक्टूबर 2021 पूर्वान्ह 11.00 बजे से	14 अक्टूबर 2021 शाम 5.00 बजे तक
3	सीट आबंटन	17 अक्टूबर 2021 (अपरान्ह 4.00 बजे)	
4	आबंटित संस्था में प्रवेश लेने का कार्य	18 अक्टूबर 2021 पूर्वान्ह 11.00 बजे से	20 अक्टूबर 2021 शाम 5.00 बजे तक
5	रिक्त सीटों की जानकारी अपलोड करना	21 अक्टूबर 2021 (पूर्वान्ह 11:00 बजे)	

सामान्य निर्देश :-

1. सत्र 2021-22 में प्रवेश हेतु ''छत्तीसगढ़ तकनीकी संस्थानों हेतु प्रवेश नियम 2021'' तथा ऑनलाइन कॉउंसिलिंग की विस्तृत प्रवेश प्रक्रिया की जानकारी हेतु संचालनालय की वेबसाईट www.cgdteraipur.cgstate.gov.in का अवलोकन करें।
2. सीट आबंटन से पूर्व अभ्यर्थियों को दस्तावेजों का परीक्षण निर्धारित समयावधि में दस्तावेज परीक्षण केन्द्र में कराना अनिवार्य है। इसके बिना आबंटन हेतु विचार नहीं किया जायेगा। दस्तावेज परीक्षण केन्द्र में अभ्यर्थी को स्वयं उपस्थित होना अनिवार्य है।
3. रविवार एवं शासकीय अवकाश के दिन दस्तावेज परीक्षण केन्द्र एवं प्रवेश हेतु संस्थाएं खुली रहेंगी।
4. ऑनलाइन कॉउंसिलिंग से संबंधित जानकारी हेतु नियंत्रण कक्ष, तकनीकी शिक्षा संचालनालय, कक्ष क्रमांक-29, ब्लॉक-3, चतुर्थ तल, इंद्रावती भवन, नवा रायपुर, अटल नगर में उपस्थित होकर अथवा दूरभाष क्रमांक 0771-2438666 पर कार्यालयीन समय में संपर्क कर सकते है या cgdtecounselling@gmail.com पर ई-मेल कर सकते हैं।

संचालक
तकनीकी शिक्षा, छत्तीसगढ़